gang of poachers and smugglers have been found trading in lion skin and parts? If so, the detials thereof and their *modus operandi*. How many of them have been punished for the offence? Are any special squads being sent to prevent poaching?

CAPT. JAI NARAYAN PRASAD NISHAD : In 1994-95, one lion was poached. In 1995-96, three lions were poached. The lions are killed by the people only to save their cattle. (*Interruptions*)...

SHRI SATISH AGARWAL : There is an orientation course for Members of Parliament in the Parliament House Annexe. I feel that there should be an orientation course for Ministers also so that they know how to answer questions ...(*Interruptions*)...

श्री राजूभाई ए० परमार : जब तक आपके पास इन्फोरमेशन नहीं आती ... (**व्यवधान**) ...

MR. CHAIRMAN : He is new Minister. Please bear with him ...(*Interruptions*)...

श्री सुशीलकुमार संभाजीराव शिन्दे : चेयरमैन साहब, माननीय मंत्री जी कहते हैं कि लॉयन्स की आबादी में कोई कमी नहीं है। लेकिन यह बात सही है कि गीर फारेस्ट में वहां पानी के जरिए लॉयन्स को, शेरों को पॉइजनिंग किया जा रहा है। यह बात सही है कि हाउस में यह बात उठी है कि लॉयन्स की संख्या कम होती जा रही है। इस वजह से भारत सरकार ने 1970 में एक टाइगर प्रोजेक्ट अपने अण्डर ले लिया था। उसमें यह प्रपोज किया था कि उसकी प्रोटेक्शन हो जाये। वैसे ही गिर लायन्स हमारे लिए एक प्रेस्टेजस प्रोजेक्ट है, देश के लिए बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। आप शायद टाइगर के बारे में ज्यादा जानते होंगे। लेकिन अभी लाइन्स, गीर फारेस्ट जो प्रसिद्ध है वह केवल लाइन्स के लिए है। शेरों के लिए प्रसिद्ध है तो जैसे टाइगर प्रोजेक्ट 1997 हो गया क्या वैसे ही भारत सरकार लाइन्स को बचाने के लिए, उनको प्वाइजन से बचाने के लिए, जो उनको मारकर उनके नाखूनों को बेचते हैं, इसको रोकने के लिए और उनकी संख्या में बढ़ोत्तरी करने के लिए कोई नेशनल पालिसी बनाना चाहती है? यह बहुत सादी बात में पूछ रहा हूं और चाहता हूं कि मंत्री जी इसका अच्छा जवाब दें।

MR. CHAIRMAN : It is a good question.

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद : यह क्वेश्चन बहुत ही अच्छा है और हम लोग उसके बारे में सोच रहे हैं और पालिसी बना रहे हैं।

SHRI JOY NADUKKARA : Sir, the Minister has mentioned about the number of lions. What I would want to know, how much money was spent for the maintenance of these lions in the last year so that we can assess whether the lions are living above the poverty line or they are living below the poverty line.

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद : सर, उनके लिए 1993-94 में 36 लाख रुपया, 1994-95 में 29.50 लाख रुपया और 1996-97 में 27.59 लाख रुपया दिया गया है।

SHRI M.A. BABY : Is there any insinuation? During this period it was Mr. Simha who was the Prime Minister. You know what 'Shinha' means!

MR. CHAIRMAN : I think that we should pass on to the next question. Question No. 143.

Hubli-Ankola Railway Project

*143. SHRI H. HANUMANTHAPPA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Hubli-Ankola Railway Project was conceived and included in the Railway Budget earlier; and

(b) if so, what is its present status?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) जी नहीं।

(ख) 1992 में किए गए सर्वेक्षण को 1995 में अपडेट किया गया है और उसे योजना आयोग के विचारार्थ भेजा गया है उनका मूल्यांकन प्राप्त हो जाने पर, इस कार्य को रेल बजट में शामिल करने से पहले अन्य अपेक्षित स्वीकृतियां प्राप्त करने के संबंध में आगे कार्रवाई ही जाएगी।

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, I do not know why the Railway Minister fights shy of this question. The question is about conception and delivery. Even though in the second part of the question, he replies that it was conceived, yet in the first part, he has said, 'No'. This is a project which was conceived 120 years back. It was first surveyed in 1876 and it was a viable project..... (*Interrruptions*)

SHRI CHATURANAN MISHRA: There has been miscarriage.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: He has to say whether there was an abortion or a miscarriage. Sir, it was a viable unit in 1876. It was sidelined because of Goa overlooking it. So, for the last 120 years, the State of

Karnataka has been urging for this line. Recently, a sea-bird naval base was inaugurated in the Karwar district. This is a very important link which connects the innerland. The former Prime Minister, while laying the foundation-stone of the naval base, promised the people of that area that this project would be taken up. Sir, even in the earlier Railway Budgets, it was included. Finally, coming to Shri Chaturanan Mishra's miscarriage ...*(Interruptions)*

SHRI CHATURANAN MISHRA: Sir, it is highly objectionable. He is saying, "Chaturanan Mishra's miscarriage"!

SHRI H. HANUMANTHAPPA: That is where Mishraji will have to be a little bit careful.

MR. CHAIRMAN: But let your question not be miscarried. Please put your question now.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: In 1992 this is according to hte Minister—a survey was made. Why was it not included? Why was it not taken up? Where is the necessity to update it in 1995? What is its position now? For the last 5-6 years, we have been hearing that it has gone to the Planning Commission. Is Planning Commission outside the purview of the Government? What is the delay, what is the hitch in clearing this project.

श्री राम विलास पासवान : सभापति महोदय, मैंने अभी कहा है क्योंकि इस लाइन की उपयोगिता पहले इतनी नहीं थी लेकिन कोंकण रेलवे बनने के बाद इस लाइन की उपयोगिता बहुत ही हो गई है और इसका सारा प्रोसीजर पूरा करने के बाद इसको बजट में शामिल कर लिया जाएगा।

श्री हेच. हनुमनतप्पा : इस साल?

श्री राम विलास पासवान : इस साल का तो हो चुका है।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: सभापति जी, पहले तो मैं माननीय रामविलास जी को बधाई देना चाहता हूं। आज नहीं तो कल या परसों प्रधानमंत्री बनेंगे। अभी वह केवल प्रधानमंत्री के आसन पर बैठे हैं।

महोदय, इस सवाल से जुड़ा हुआ सवाल मैं पूछना चाहता हूं कि बिलासपुर जोन न खोलना वहां की जनता के साथ बहुत ही अत्याचार है। महोदय, इसके कारण बिलासपुर की जनता में बहुत ही क्षोभ है। तो जैसा अभी आपने आश्वासन दिया क्या वैसा ही आश्वासन आप बिलासपुर की जनता को देकर अपनी अपेक्षाओं को पूर्ण करके प्रसन्न करेंगे?

MR. CHAIRMAN: The question is different.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, I am thankful to the Minsiter for having accepted the utility and the necessity of the project. He himself has mentioned about the Hospet-Ankola. He has also mentioned about the Konkan Railway. This is a link line to the Konkan line. This is a link line. It will reduce about 200 kilometres journey for the goods to be transported from Hospet. This is a very important line which will certainly give you the returns. Please see that this is cleared by the Planning commission. I request the hon. Minister, who has occupied the Prime Minister's seat right now in our House, to at least assure this House that it will be taken up during the current year, after having conceded that it is an important project.

श्री राम विलास पासवान : सभापति जी, हनुमन्तप्पा जी ने जो प्रश्न किया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमको लगता है कि इसका सबसे बड़ा कारण, जो कोंकण का प्रोजेक्ट शुरू हुआ क्योंकि हास्पेट, उसके बाद हुगली, उसके बाद अंकोला, ये जो तीनों लाइन हैं, हास्पेट में सबसे ज्यादा खनिज पदार्थ, खास करके आइरन ओर खान हैं और हमको लगता है कि उस आइरन ओर की खान की तब उपयोगिता होती जब कोंकण रेलवे लाइन बन जाती। हमको इस बात को कहने में खुशी है कि कोंकण लाइन में अक्टूबर में माल गाड़ी चलनी शुरू होने वाली है और उसके बाद दिसम्बर में वह आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। यह बात भी सही है कि 1993 में इस रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कराया गया था और यह भी सही है कि 1995 में उसको अपग्रेड कराया गया था। लेकिन माननीय सदस्य को मालूम है कि इसको तीन-चार प्रोसेसेज से गुजरना पड़ता है। यह सरकार से प्लानिंग कमीशन को जाता है और प्लानिंग कमीशन के बाद जो बोर्ड है, अपग्रेडेशन के लिए एक्सटेंडेट बोर्ड में जाता है और फिर सी.सी.ए. में जाता है और फिर बजट में शामिल किया जाता है। मैं माननीय सदस्य को इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हर दृष्टिकोण से यह उपयोगी है और अगर इसका प्रोसीजर पूरा हो जाता है तो इसको हम लोग बजट में शामिल करने की कोशिश करेंगे।

श्री राम विलास पासवान : सभापति जी, यह क्वेश्चन इससे संबंधित नहीं है। मैंने अभी कहा कि उसमें प्रोसीजर

और तकनीकी खामियां थी, उसके कारण नहीं हो पाया। इसी प्रकार बिलासपुर का मामला है। नये जोन के लिए जो एक्सपर्ट कमेटी बनी थी उसने क्योंकि जबलपुर के नाम का प्रस्ताव किया और उस पर निर्णय ले लिया गया है।

डॉ॰ जगन्नाथ मिश्र : और हाजीपुर?

श्री राम विलास पासवान : हाजीपुर का सवाल इस क्वेश्चन से नहीं उठता। लेकिन हम इसके लिए अलग से बातचीत कर रहे हैं।

SHRI V.P. DURAISAMY: Sir, my question relates to the Hubli-Ankola Railway Project. I express my thanks and happiness to the Railway Minister. Last week he had convened a meeting at Madras of all the M.Ps. from Tamil Nadu. He heard our grievances very patiently, including the grievances with regard to new projects that have to be given importance. In Madras, I had mentioned to the hon. Railway Minister that there is a broad-gauge railway line. Tamil Nadu recently declared Namakkal town as a Revenue District. Namakkal, Karur and Rashipuram are all Revenue Divisions. The textile industry is emerging in that area. We also have a white revolution there with regard to egg-production and that is why it is called the egg city also.

MR. CHAIRMAN: Your question seems to be outside the scope of the present Question.

SHRI V. P. DURAISAMY: Sir, even then I would like to request the Minister...

MR. CHAIRMAN: Then, at least be brief.

SHRI V. P. DURAISAMY: Sir the feasibility report about the Salem-Rashipuram-Namakkal-Karur railway line has already been submitted to the Railway Board. The project is technically and economically viable and we expect the Minister....

MR. CHAIRMAN: You better raise this in the debate on the Railway Budget.

SHRI V.P. DURAISAMY: It is not mentioned in the Budget, Sir, I want to know whether the Railway Minister will give priority to it so as to cover the people of this mofussil area.

श्री राम विलास पासवान : सभापति महोदय, आपने ठीक ही कहा। जो प्वाइंट माननीय सदस्य ने रेज़ किया है, वह मैंने नोट कर लिया है। जब रेलवे बजट पर भाषण होगा। उसके रिप्लाई में इसके संबंध में हम कुछ कहेंगे।

MR. CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy, have you a question on this subject?

SHRI V. NARAYANASAMY: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Not on Pondicherry?

SHIR V. NARAYANASAMY: No, Sir, Mr. Chairman, Sir, for several years various surveys have been carried out in different railway zones for the purpose of introducing railway services with a view to developing those regions, especially in Southern India. The projects seem to be viable. But after those surveys, the Railway Minister has not taken any initiative. Whether it is Andhra Pradesh, Karnataka or Tamil Nadu, they have not taken any initiative for starting work relating to laying of railway lines so that the area could develop. I would like to know from the hon. Minister as to how many surveys have been conducted in Southern India and how many projects have been completed so far. I would request him to give statistics so that the Parliament can know as to how Southern India has been ignored.

MR. CHAIRMAN: Raise it during the debate.

SHRI V. NARAYANASAMY: This relates to the question.

MR. CHAIRMAN: No. It does not relate to the question. Please. *(Interruptions)* Please. It is widely irrelevant, if I may say so.

बुक कराए गए सामान की वैगनों से चोरी

***144. श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला: †**

श्री ईश दत्त यादव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वर्ष कोयले और बुक कराए गए सामान की वैगनों से चोरी होने के मामलों का जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में कितने लोगों को पकड़ा गया तथा उनसे कितने मूल्य का सामान जब्त किया गया; और

(ग) भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान): (क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) और (ख) वित्त वर्ष 1995-96 के दौरान भारतीय रेलों पर कोयले तथा बुक कराए गए सामान की वैगनों से चोरी के मामलों का ब्यौरा:—

†सभा में यह प्रश्न श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला द्वारा पूछा गया।